दिनांक 16.08.2026
प्रेस विज्ञप्ति 433/2026

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद हापुड़/थाना गढ़मुक्तेश्वर**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 01 लाख 09 हजार 30 रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 16.08.2026 को थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मेरठ रोड स्थित दादू पेट्रोलपम्प के पास से 03 अभियुक्तों 1–शिवा पुत्र राजन कुमार 2–शिवा पुत्र गंगादत्त 3–सुमित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 01 लाख 09 हजार 30 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 14.08.2026 को थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शिवा पुत्र राजन कुमार निवासी मो0 उपाध्याय नगर थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़।

2–शिवा पुत्र गंगादत्त निवासी मो0 उपाध्याय नगर थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़।

3–सुमित निवासी मो0 उपाध्याय नगर थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़।

**बरामदगी**

1–लूट के 01 लाख 09 हजार 30 रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

3–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

**कमिश्नरेट लखनऊ/थाना इन्दिरानगर**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **चोरी के 52 हजार 400 रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया, 01 दो पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 15.08.2026 को थाना इन्दिरानगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बादशाहखेड़ा नहर के पास से 06 अभियुक्तों 1–अर्जुन उर्फ ईशु 2–मोहम्मद सिराज उर्फ राजू 3–बबलू उर्फ मनोज 4–अरविन्द उर्फ धरविन्द्र 5–अखिलेश कुमार को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशादेही पर अभियुक्त 6–दुर्गा शंकर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण, चोरी के 52 हजार 400 रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया, 01 दो पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 13.08.2026 को थाना इन्दिरानगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना इन्दिरानगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त बबलू उर्फ मनोज के विरूद्ध कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 10 अभियोग, अभियुक्त दुर्गा शंकर एवं अभियुक्त मो0सिराज उर्फ राजू के विरूद्ध कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 04–04 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना इन्दिरानगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अर्जुन उर्फ ईशु निवासी पाले का पुरवा, थाना असंधरा, जनपद बाराबंकी, हालपता भीमनगर कॉलोनी, थाना गोमतीनगर कमिश्नरेट लखनऊ।

2–मोहम्मद सिराज उर्फ राजू निवासी संतपुरम, निकट बिलबिला ताल, थाना इन्दिरानगर, कमिश्नरेट लखनऊ, मूलपता ग्राम निन्दीपुर हसना, थाना कैसरगंज, जनपद बहराइच।

3–बबलू उर्फ मनोज निवासी संतपुरम, निकट बिलबिला ताल, थाना इन्दिरानगर, कमिश्नरेट लखनऊ।

4–अरविन्द उर्फ धरविन्द्र निवासी रानीबाजार बेहुरा, थाना रामनगर, जनपद बाराबंकी, हालपता पत्रकारपुरम डिवाइडर, थाना गोमतीनगर, कमिश्नरेट लखनऊ।

5–अखिलेश कुमार निवासी ए–214 संतपुरम कॉलोनी, थाना इन्दिरानगर कमिश्नरेट लखनऊ।

6–दुर्गा शंकर निवासी चढ़ाई महुलाल, थाना कोतवाली चौक, कमिश्नरेट लखनऊ।

**बरामदगी**

1–चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–चोरी के 52 हजार 400 रूपये नगद।

3–घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया, 01 दो पहिया वाहन आदि।

## जनपद सहारनपुर/थाना बेहट

- **अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 04 करोड़ 10 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 804 ग्राम अवैध स्मैक**
- **02 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 16.08.2026 को थाना बेहट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गंदेवड अड्डे से चिलकाना जाने वाले रास्ते से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे 02 अभियुक्तों 1–तालिब 2–अमित उर्फ अनित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 04 करोड़ 10 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 804 ग्राम अवैध स्मैक, 02 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना बेहट पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–तालिब निवासी ग्राम असगरपुर थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर।

2–अमित उर्फ अनित निवासी ग्राम बुठेडा थाना सरसावा जिला सहारनपुर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लगभग 04 करोड़ 10 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 804 ग्राम अवैध स्मैक।

2–02 मोबाइल फोन।

3–घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि।

————————